महत्वपूर्ण एवं खास

भव्य साईं पालकी यात्रा

रायगढ़। कलयुग के महान संत त्रिकालदर्शी बाबा शिर्डी निवासी श्री साई नाथ महाराज जिन्होंने अपने जीवन काल मे केवल 5 घरों से ही भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन किया करते थे और जिनका मन्त्र रहा श्रद्धा और सबूरी। ऐसे महान संत साईं बाबा के रायगढ़ शहर के उत्साही भक्तों, युवाओं ने आगामी दिनांक 14 फरवरी दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे श्री साई पालकी यात्रा का आयोजन रायगढ़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक। आस्था का दरबार श्री पंचमुखी हनुमान साईं दरबार एवं सिद्ध पिप्लाक्षय महादेव मंदिर से बड़ी धूमधाम, गाजे बाजे के साथ निकल कर हंडी चौक से सत्ती गुड़ी चौक, स्टेशन रोड,गांधी चौकसे एम जी रोड, रामनिवास टॉकीज होते हुए, गौरीशंकर मंदिर रोड से न्यू मार्केट, सुभाष चन्द्र बोस चौक, हटरी चौक से लाल टंकी रोड होते हुए, केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड चौकसे ढिमरापुर चौक से होकर उर्दना स्थिति श्री साईं धाम में पहुंच कर सम्पन्न होगी।

श्री पंचमुखी हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरवानी ने रायगढ़ जिले एवं आसपास निवासरत श्री साई बाबा के भक्तों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे सपरिवार ईस्ट।मित्रों सहित तन मन धन से सहयोग कर साईं नाथ जी की पालकी में सम्मिलित हो कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बने।

उत्तम मेमोरियल कालेज में बसंत पंचमी उत्सव संपन्न

रायगढ़। पटेलपाली स्थित उत्तम मेमोरियल कालेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी का उत्सव मां सरस्वती की पूजा के साथ धूमधाम से मनाया गया।

यह महाविद्यालय विज्ञान, वाणिज्य, प्रबन्धन तथा आईटी के क्षेत्र मे अपना विशेष स्थान बना चुका है तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न आयोजनों के द्वारा महाविद्यालय मे शिक्षा के साथ साथ संस्कृति तथा व्यवहारिक ज्ञान का भी विद्यार्थीयों मे समावेश कराने का प्रयत्न करता है। महाविद्यालय के संस्थापक गौतम चौधरी, संतोष चौधरी तथा प्राचार्य डॉ. गोमती सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय के सह संस्थापक संजय चौधरी ने सरस्वती माता कि पूजा अर्चना की इस उत्सव में कालेज के सभी सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

खाना बनाते महिला झुलसी, हालत नाजुक

रायगढ़। रोजना की तरह परिजन के लिए खाना बनाते महिला की साड़ी चूल्हे में जलती आग के संपर्क में आ गई। जिससे झुलसने से महिला की दशा नाजुक बनी हुई है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। रतिबाई पति दिलीप कुमार उम्र 29 साल की है। पुलिस के मुताबिक रतिबाई घर में शनिवार शाम को खाना बना रही थीं। इस दौरान चूल्हा में आग जला रही थी जहां उसके साड़ी का पल्ला आग के संपर्क में आ गया, इससे महिला झुसलने लगी और चिल्लाने लगी तब कहीं जाकर उसका पति दिलीप बाथरूम से आया और आग से लिपटी पत्नी को देख उसके होश उड़ गए, वही रति बाई को चादर की मदद से आग को बुझाया। वही पड़ोसियों की मदद से महिला को संजीवनी वाहन से मेकाहारा इलाज के लिए लाया गया, जहां डक्टरों के मुताबिक उसकी दशा नाजुक बनी हुई है। इस घटना में महिला का पति आग बुझाने के दौरान उसकी हाथ भी झुलस गई है जिसका जख्म डाक्टर मामूली है बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

धान के उठाव के बाद चावल जमा नहीं कर रहे राइस मिलर्स

जिले में नान एवं एफसीआई में 16 लाख क्विंटल चावल हुआ जमा

रायगढ़। जिले में धान के उठाव के बाद भी राइस मिलर्स चावल जमा नहीं कर रहे हैं। धान उपार्जन केन्द्रों से उठाव एवं कस्टम मिलिंग के बाद नान एवं एफसीआई में पर्याप्त चावल नहीं आया है और राइस मिलरों से अब तक कुल 16 लाख क्विटल चावल ही जमा हो सका है।

धान खरीदी बंद होने के बाद राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए तो धान का उठाव कर रहे हैं लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआई के पास चावल जमा कराने की प्रक्रिया धीमी है। जिले में रिकार्ड 46 लाख क्विंटल धान खरीदी होने के बाद मार्कफेड ने 27 लाख क्विंटल धान का डिलीवरी आर्डर जारी किया है लेकिन इसमें से रायगढ़ जिले के पंजीकृत राइस मिलरों ने करीब 26 लाख 85 हजार क्विंटल का ही उठाव किया है। कस्टम मिलिंग के रेशियों के अनुसार भी देखा जाए तो राइस मिलरों को अब तक करीब 20 लाख क्विंटल चावल जमा कर देना था लेकिन मिलरों से नान एवं एफसीआई को कुल 16 लाख 24 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया जा सका है। इसमें अरवा का 14 लाख 74 हजार एवं उसना चावल का डेढ़ लाख क्विंटल चावल ही मिलिंग के बाद आ सका है लेकिन इसके बाद भी खाद्य विभाग चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

खेत में मिली युवक की खून से लथपथ लाश

रायगढ़। बरमकेला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत संडा ग्राम तोरना कोसाबाड़ी मे युवक की लाश मिलने पर सनसनी फैल गई। खेत मे लाश मिलने की खबर से पूरे अंचल में आग की तरह खबर फैल गई और लोगो का जमावड़ा घटनास्थल लग गया। वही शव के पास मोटरसाइकिल व अन्य समान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा जिस अवस्था मे मृतक की लाश मिली है। उसे देख परिजन व स्थानीय लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक सौरभ पण्डा पिता फकीर चन्द पण्डा उम्र 25 वर्ष ग्राम पंचायत मुंगलीपाली का निवासी है। जांच में ज्ञात हुआ कि मृतक आये दिन इस तरह मोटरसाइकिल से कही भी चला जाता था । इसके अलावा शराब सेवन के लत से ग्रसित था। विगत दो दिनों से लापता था। परंतु उसकी हरकतो को देख मृतक के परिजन थाने में शिकायत नही दर्ज कराए थे। अब लाश मिलने से परिजन स्तब्ध है। पुलिस के मुताबिक युवक की हत्या किसी धारदार हथियार से किया गया है। वही सिर पर भी किसी भारी वस्तु से चोंट पहुंचाया गया है। कुलमिलाकर इस वारदात को हत्या माना जा रहा है। जिसके चलते रायगढ़ से आये एफएसएल टीम घटना की पहलूओं पर जांच कर रही है। जिसमें पुलिस तीन चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया है जिनसे सघन पूछताछ किया जा रहा है।

हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

रायगढ़ । सरिया थाना के बड़े नवापारा गांव में हुए सड़क हादसे में 57 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का दो दिन से रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में ईलाज चल रहा था।

जानकारी के अनुसार बड़े नवापारा निवासी गुरूचरण खम्हारी पिता फकीर खम्हारी 57 साल बीते बुधवार को गांव में पैदल ही घूम रहा था इसी दौरान एक बाईक चालक ने उन्हें ठोकर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें ईलाज के लिए रायगढ़ मेकाहारा में भर्ती कराया था, जहां उनकी बीते गुरूवार रात मौत हो गई। मृतक का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रायगढ़। चक्रधर थाना क्षेत्र बोईरदादर निवासी विश्वास सोनी पिता श्याम सोनी उम्र 29 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले में चक्रधर नगर पुलिस तफ्तीश में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक युवक घर मे परिवार के सदस्यों के साथ बैठा था, इस दौरान युवक अपने कमरे में गया जहां फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। इस घटना को कुछ देर बाद युवक के पिता श्याम सोनी ने देख उसके होश उड़ गया। परिवार के सदस्य चीख पुकार मचाकर स्थानीय पड़ोसियों को बुलाये और युवक को फंदे से नीचे उतारे। जिसमे युवक विश्वास सोनी की सांसें हल्की हल्की चल रही थी जिसे आनन फानन में स्वयं की वाहन से मेकाहारा लेकर आये वही डाक्टरों ने आरम्भिक उपचार के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक द्वारा किन परिस्थितियों में उक्त कदम उठाया गया है यह अज्ञात है। वही इस घटना के बाद परिजन भी स्तब्ध है। बहरहाल पुलिस पंचनामा पीएम की कार्रवाई उपरांत मर्ग कायम कर जांच में जुट गई।

पुलिस ने जब्त किया टो ट्रेलर अवैध कोयला

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने एक बार फिर से कोयला तस्करी में शामिल वाहन चालक को अपने हत्थे चढ़ाया है। जिसमें दो ट्रेलर वाहनों में अवैध रूप से उत्खनन करते परिवहन में संलिप्त वाहन को घरघोड़ा पुलिस ने जब्त किया है। जिसमें एक वाहन चालक को भी हिरासत में वही दूसरा वाहन चालक मौके से भागने में कामयाब रहा, दोनों ट्रेलर अंचल के स्थानीय बजरंग अग्रवाल की बताई जा रही है। जिसने वाहन को 28 जनवरी के दिन वन विभाग व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पकड़ा था। वही इस कार्रवाई से यह तो स्पष्ट है कि अंचल में कोयला तस्करी निरन्तर जारी है।

आग तापते अधेड़ झुलसा, इलाज दौरान के तोड़ा दम

रायगढ़ । ठंड से बचने अधेड़ को आग तापना भारी पड़ गया। जिसमें आग तापते हुए आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जहां इलाज के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर तफ्तीश में जुट गई। घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम खैरपुर की है।

मिली जानकारी के अनुसार जोगेंद्र प्रसाद शर्मा पिता रामस्नेहा शर्मा उम्र 61 वर्ष खैरपुर कोतरारोड थाना का रहने वाला है। 3 जनवरी की शाम लगभग 7 बजे ठंड अधिक होने के कारण कमरे में आग ताप रहा था। इस दौरान अचानक उसका कपड़ा आग के गिरफ्त में आ गया जिससे बुजुर्ग को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। चीख पुकार सुनकर घरवालों ने किसी तरह आग बुझाया और पीड़ित को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल ले आए। जहां इलाज के दौरान शनिवार रात 10 बजे उसकी मौत हो गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल्यों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480